कच्चातिवु द्वीप

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

भारत-श्रीलंका संबंधों और **मत्स्यन अधिकारों** के विवादास्पद मुद्दे को लेकर कच्चातिवु द्वीप चर्चा का विषय बन गया है जो संबद्ध क्षेत्र में समुद्री सीमा विवादों तथा मत्स्यन (मछली पकड़ना) अधिकारों की जटिलताओं को उजागर करता है।

????????? ????? ?? ??????? ????? ???? ???

- **परिचय:**
  - **कच्चातिवु** भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि (Palk Strait) में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन द्वीप है।
  - भारतीय तट से लगभग 33 किमी. दूर, **रामेश्वरम** के उत्तर-पूर्व में यह द्वीप श्रीलंका के उत्तरी सिरे पर **जाफना** से लगभग 62 किमी. दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।
  - कच्चातिवु द्वीप **मानव के स्थायी निवास के लिये उपयुक्त नहीं** है क्योंकि द्वीप पर कोई पेयजल का स्रोत नहीं है।
    - द्वीप पर **एकमात्र संरचना (भवन)** स्थित है जिसका नाम सेंट एंथोनी चर्च है। यह 20वीं सदी का प्रारंभिक कैथोलिक चर्च है, जहाँ भारत और श्रीलंका के ईसाई पादरी एक **वार्षिक उत्सव सेवा** आयोजित करते हैं जिसमें दोनों देशों के श्रद्धालु शामिल होते हैं।
- **द्वीप का इतिहास:**
  - **उत्पत्ति:** इस द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के परिणामस्वरूप हुआ था।
  - **प्रारंभिक शासक:** प्रारंभिक मध्ययुगीन काल में इस क्षेत्र पर शुरू में श्रीलंका के **जाफना साम्राज्य** का शासन था किंतु बाद में इसका नियंत्रण **17 वीं शताब्दी** में **मदुरै के नायक राजवंश** के तहत **रामनाद ज़मींदारी** में स्थानांतरित हो गया।
    - **विवाद:**
    - **भारत:** भारत और श्रीलंका के बीच कच्चातिवु पर स्वामित्व विवाद, जो ब्रिटिश राज के दौरान मद्रास प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, वर्ष 1974 तक जारी रहा जिसमें दोनों देश इस द्वीप पर अपना दावा करते रहे।
    - **श्रीलंका:** श्रीलंका ने कच्चातिवू पर इस आधार पर संप्रभुता का दावा किया कि **1505-1658 ई. के दौरान** द्वीप पर अधिग्रहण करने वाले **पुर्तगालियों** ने इस द्वीप पर **अधिकार क्षेत्र का प्रयोग** किया था।
  - **वर्ष 1974: भारत-श्रीलंका समुद्री समझौते के तहत द्वीप का श्रीलंका को हस्तांतरण हुआ।**
  - **वर्ष 1976: एक अतिरिक्त समझौता किया गया जिसने दोनों देशों को एक-दूसरे के** विशेष आर्थिक क्षेत्रों **में मत्स्यन से रोक दिया, कच्चातिवू इन क्षेत्रों की सीमा पर स्थित था, जिससे मत्स्यन के अधिकारों पर अस्पष्टता उत्पन्न हो गई।**
  - **वर्ष 2009: 2009 में श्रीलंका का गृहयुद्ध समाप्त होने के बाद, भारतीय मछुआरों के श्रीलंकाई जल क्षेत्र में प्रवेश करने पर तनाव बढ़ गया, जिसके कारण गिरफ्तारियाँ हुई, हिरासत में यातना के आरोप लगे और कच्चातिवु के संबंध में नए सिरे से पुनर्प्राप्ति/वापसी की माँगें हुई।**
  - **विवादास्पद मुद्दे:**
    - **वर्ष 1974 के समझौते ने भारतीय मछुआरों को कच्चातिवू तक पहुँच जारी रखने की अनुमति दी।**
    - **दोनों पक्षों द्वारा समझौते की अलग-अलग व्याख्या के कारण, यह मत्स्यन के अधिकार के मुद्दे को हल करने में विफल रहा, श्रीलंका ने भारतीय मछुआरों की आराम करने, जाल सुखाने और बिना वीज़ा के कैथोलिक मंदिर में जाने जैसी गतिविधियों तक पहुँच सीमित कर दी।**

//


?? ?????? ?? ??????? ????????? ?? ???? ??? ??? ???

- तमिलनाडु का रुख:
  - वर्ष 1973 में, तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने केंद्र से कच्चातिवु पर अधिकार रखने का आग्रह किया था, यह कहते हुए कि यह भारत का है, न कि केवल तमिलनाडु का।
  - वर्ष 1991 में, यह मुद्दा तब फिर से उभर आया जब मुख्यमंत्री ने द्वीप के स्थायी पट्टे की अपनी मांग को संशोधित करते हुए इसे पुनः प्राप्त करने की मांग की, जिसके बाद मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता दोनों ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष गए।
- केंद्र सरकार का रुख:
  - वर्ष 2013: केंद्र सरकार ने वर्ष 1974 और वर्ष 1976 में समझौतों द्वारा निपटाए गए ऐतिहासिक विवादों का हवाला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया कि श्रीलंका से कच्चातिवु को पुनः प्राप्त करने का मुद्दा अप्रासंगिक है क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र नहीं छोड़ा गया है।
  - वर्ष 2022: हालाँकि केंद्र सरकार ने दोनों समझौतों का ज़िक्र करते हुए राज्यसभा में बताया कि कच्चातिवु "भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थिति है।"
  - मामला अभी भी सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

?????? ????????? ?? ??? ???? ?? ???? ??????? ?????

- पाकिस्तान के साथ: सर क्रीक के साथ सीमा के सीमांकन पर।
- बांग्लादेश के साथ: बंगाल की खाड़ी में न्यू मूर द्वीप (स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने बांग्लादेश के पक्ष में फैसला सुनाया)।

UPSC सिविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

[illegible]:

प्रश्न: निम्नलिखिति कथनों पर विचार कीजियेि: **(2020)**

1. पिछिले दशक में भारत-श्रीलंका व्यापार का मूल्य में सतत् वृद्धि हुई है।
2. भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले व्यापार में "कपड़े तथा कपड़े से बनी चीज़ों" का व्यापार प्रमुख हैं।
3. पिछिले पाँच वर्षों में दक्षिण एशिया में भारत के व्यापारिक का सबसे बड़ा भागीदार नेपाल रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a)केवल 1 और 2
(b)केवल 2
(c)केवल 3
(d)1, 2 और 3

उत्तर: (b)

प्रश्न. निम्नलिखिति में से कौन-सा भौगोलिक रूप से ग्रेट निकोबार के सबसे निकट है? (2017)

(a)सुमात्रा
(b)बोर्नियो
(c)जावा
(d)श्रीलंका

उत्तर: (a)

प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला एलीफेंट पास का उल्लेख निम्नलिखिति में से किसि मामले के संदर्भ में कियिा जाता है? (2009)

(a)बांग्लादेश
(b)भारत
(c)नेपाल
(d)श्रीलंका

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/katchatheevu-island-1